भारतीय तेज गेंदबाजों का न्यूजीलैंड पर कहर

भारत ने न्यूजीलैंड को पहले वनडे में पांच विकेट से हराया



ऑकलैंड, । तेज गेंदबाजों के कमाल और विराट कोहली की धमाकेदार अर्धशतकीय पारी की मदद से भारत ने बुधवार को यहां बारिश से प्रभावित पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को डकवर्थ लुईस पद्धति से पांच विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल की तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह (70 रन देकर चार विकेट), गुरनूर बराड़ (44 रन देकर तीन) और अंशुल कंबोज (10 ओवर में 22 रन देकर दो) ने मिलकर नौ विकेट लेकर न्यूजीलैंड को 40.2 ओवर में में 185 रन पर ढेर कर दिया। बारिश के व्यवधान से एक घंटे से अधिक समय तक खेल नहीं हो पाने के कारण भारत के सामने डकवर्थ लुईस पद्धति से 40 ओवर में 167 रन का लक्ष्य रखा गया। इसके बाद 2.1 ओवर का खेल ही हो पाया था कि फिर से बारिश आ गई। खेल शुरू होने पर भारत को 32 ओवर में 143 रन का लक्ष्य दिया गया। भारत ने कोहली (51 गेंद पर 74 रन, 13 चौके, एक छक्का) और कप्तान शुभमन गिल (37) के बीच दूसरे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी की मदद से 22.4 ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर दिया। भारत ने हालांकि जिस तरह से 22 रन के अंदर चार विकेट गंवाए वह टीम प्रबंधन के लिए चिंता का विषय हो सकता है। पहली बार जब बारिश के कारण खेल रुका तब भारत ने एक विकेट पर 54 रन बनाए थे। दूसरे व्यवधान के समय उसका स्कोर एक विकेट पर 64 रन था। भारतीय बल्लेबाजों विशेषकर कोहली ने दो बार व्यवधान के बावजूद अपनी एकाग्रता भंग नहीं होने दी और सहजता से रन बटोरे। कोहली शुरू से आक्रामक होकर खेल रहे थे और उन्होंने चौकों की झड़ी लगाने में कोताही नहीं बरती अब केवल वनडे प्रारूप में खेलने वाले कोहली ने ब्लेयर टिकनर की गेंद पर छक्का लगाया और इसी गेंदबाज के अगले ओवर में चौका लगाकर 35 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने इस ओवर में दो और चौके लगाए। गिल ने हालांकि नाथन स्मिथ की तेजी से उठती गेंद पर टॉम लैथम को हवा में लहराता कैच दे दिया। उन्होंने अपनी 56 गेंद की पारी में पांच चौके लगाए। जैकब डफी (49 रन देकर तीन विकेट) ने एक ओवर में कोहली और अक्षर पटेल को आउट करके मैच में कुछ रोमांच भरा। टिम सीफर्ट ने कोहली का डीप स्क्वायर लेग पर एक हाथ से शानदार कैच लिया। डफी ने श्रेयस अय्यर (15) के रूप में अपना तीसरा विकेट लिया। नमन धीर (नाबाद पांच) ने विजयी चौका लगाया। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ओवर मेंही रोहित शर्मा का विकेट गंवा दिया जो खाता भी नहीं खोल पाए। रोहित ने काइल जैमीसन की ऑफ स्टंप से बाहर जा रही गेंद पर ड्राइव करने के प्रयास में मिड ऑफ पर खड़े मिचेल सैंटनर को कैच थमा दिया। इससे पहले गिल ने टॉस जीतकर न्यूजीलैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा के कार्यभार प्रबंधन और चोट के कारण नहीं खेलने के बावजूद भारत के कम अनुभवी तेज गेंदबाजी आक्रमण ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। न्यूजीलैंड की तरफ से सीफर्ट ने सर्वाधिक 38 रन बनाए जबकि 11वें नंबर के बल्लेबाज टिकनर ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए चार छक्कों की मदद से 34 और ग्लेन फिलिप्स ने 30 रन का योगदान दिया। अर्शदीप ने एकदम सही लेंथ पर गेंदबाजी की जबकि गुरनूर और कंबोज में बीच के ओवरों में शानदार प्रदर्शन किया। अंशुल ने बेहद किफायती गेंदबाजी की। उनकी 48 गेंद पर कोई रन नहीं बना। अर्शदीप ने पावरप्ले के अंदर दो विकेट लिए। न्यूजीलैंड पहले 10 ओवरों में दो विकेट खोकर 45 रन ही बना पाया। गुरनूर के दो विकेट में लैथम का विकेट भी शामिल था जिनका उन्होंने अपनी ही गेंद पर एक हाथ से रिटर्न कैच लिया। औकिब नबी का भाग्य ने साथ नहीं दिया क्योंकि उनकी गेंद पर नमन धीर ने मिड विकेट पर सीफर्ट का आसान कैच टपका दिया। अर्शदीप ने विल यंग (09) को आउट करके भारत को पहली सफलता दिलाई। यंग ने पुल शॉट खेलने की कोशिश में गेंद को हवा में उछाल दिया जिसे श्रेयस अय्यर कैच किया हेनरी निकोल्स (09) ज्यादा सहज नहीं दिखे और वह पुल शॉट लगाने की कोशिश में धीर को कैच दे बैठे, जिन्होंने इस बार कोई गलती नहीं की। सीफर्ट ने नबी की गेंद पर छक्का जड़ा लेकिन गुरनूर की शॉर्ट पिच गेंद को उन्होंने हवा में लहरा दिया जिसे सब्सीट्यूट रुतुराज गायकवाड़ ने मिड-ऑन पर आसानी से लपक लिया। गुरनूर ने लैथम को ज्यादा देर तक नहीं टिकने दिया।



कोहली, रोहित और गिल को मेलामु ने विशेष जर्सी भेंट की

ऑकलैंड। भारतीय कप्तान शुभमन गिल और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा ने बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे मैच से पूर्व रग्बी के दिग्गज खिलाड़ी केवन मेलामु से मुलाकात की, जिन्होंने उन्हें रग्बी टीम की विशेष जर्सी भेंट की। न्यूजीलैंड की राष्ट्रीय रग्बी टीम के लिए 132 मैच खेलने वाले मेलामु ऑल ब्लैक्स (न्यूजीलैंड की राष्ट्रीय रग्बी टीम) के इतिहास में सबसे अधिक मैच खेलने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं और उन्होंने टीम की कप्तानी भी की थी। मेलामु 2011 और 2015 में रग्बी विश्व कप जीतने वाली टीमों के एक प्रमुख सदस्य रहे। उन्होंने मैच शुरू होने से पहले भारत के तीनों खिलाड़ियों को विशेष जर्सी भेंट की। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस मुलाकात की तस्वीर के साथ एक्स पर लिखा, मैच शुरू होने से पहले एक खास पल। कप्तान शुभमन गिल, विराट कोहली और रोहित शर्मा ने न्यूजीलैंड रग्बी के दिग्गज केवन मेलामु से मुलाकात की। उन्हें व्यक्तिगत रग्बी जर्सी (जिसमें उनके नाम और नंबर अंकित थे) भेंट की गई।

गिल ने की कंबोज की तारीफ



ऑकलैंड। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में अंशुल कंबोज के शानदार प्रदर्शन पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यहां की परिस्थितियां इस तेज गेंदबाज के बेहद अनुकूल हैं कंबोज ने उछाल भरी विकेट पर बादल छाए रहने की स्थिति में शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए 10 ओवर में 22 रन देकर दो विकेट लिए और न्यूजीलैंड को 185 रन पर आउट करने में अहम भूमिका निभाई। भारत ने पहला वनडे जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। गिल ने मैच के बाद कहा, अंशुल जिस तरह का गेंदबाज है उसे देखते हुए मुझे लगता है कि वह इन परिस्थितियों के लिए बिल्कुल उपयुक्त गेंदबाज है। वह हमेशा तेज गेंदबाजी करता है, गेंद को सीम कराने की कोशिश करता है और पुरानी गेंद से भी अच्छी गेंदबाजी करता है। उन्होंने कहा, हमें लगा कि जब विकेट से ज्यादा मदद नहीं मिल रही हो तो वह अतिरिक्त उछाल पैदा कर सकता है और उसने आज जिस तरह से गेंदबाजी की उसे देखना वास्तव में शानदार था। गिल ने भारतीय गेंदबाजों की जमकर तारीफ की। कंबोज के अलावा अर्शदीप सिंह ने चार और गुरनूर बराड़ ने तीन विकेट लिए। गिल ने विराट कोहली के एक हाथ से पकड़े गए कैच और रोहित शर्मा का डैरिल मिचेल को रन आउट करने का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, हमारी गेंदबाजी बहुत अच्छी थी और हमारी फील्डिंग भी शानदार रही। मुझे लगता है कि रोहित भाई ने जो रन आउट किया उससे मैच का रुख पलट गया। गिल ने स्वीकार किया कि बार-बार बारिश के कारण खेल में रुकावट आने से बल्लेबाजों की लय बिगड़ सकती है। उन्होंने कहा, जब आप अच्छी स्थिति में हों और फिर बारिश हो जाए और विकेट थोड़ा तेज हो जाए या बारिश के बाद पिच थोड़ी फिसलन भरी हो जाए, तो रन बनाना आसान नहीं होता है। लेकिन हमने सहज होकर बल्लेबाजी करने पर ध्यान दिया जिससे हमारे लिए चीजें आसान हो गई। कंबोज ने कहा कि वह केवल 'बेसिक्स' पर ही ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा,लगातार एक ही लेंथ और लाइन पर गेंदबाजी करना और विकेट की प्रकृति पर ध्यान केंद्रित नहीं करना महत्वपूर्ण था।

सिंधु ने सेकंड शॉट क्लॉक को लेकर जताई चिंता

नयी दिल्ली। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू ने बुधवार को कहा कि बैडमिंटन विश्व महासंघ की 25 सेकंड 'शॉट क्लॉक' पहल की समीक्षा की जायेगी क्योंकि उन्होंने और कई अन्य खिलाड़ियों ने इसकी निष्पक्षता को लेकर विश्व ईकाई से शिकायत की है । शॉट क्लॉक' को इस साल बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर के चुनिंदा टूर्नामेंटों में प्रायोगिक आधार पर इस्तेमाल किया गया । इसके तहत खिलाड़ी को एक रेली खत्म होने के बाद सर्विस के लिये तैयार होने के लिये 25 सेकंड का समय दिया जाता है । सिंधू ने एक वर्चुअल बातचीत में कहा, काफी उतार चढाव देखे गए हैं । कुछ लोगों के लिये यह अभी भी नया है और कई बार कुछ अंपायर काफी सख्त होते हैं । पीले कार्ड और लाल कार्ड भी देखे जा रहे हैं ।

कोहली के खेल में कोई कमी नहीं-डफी



ऑकलैंड। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में शानदार 74 रन की पारी खेलकर भारत को पांच विकेट से जीत दिलाई और उनके इस प्रदर्शन से प्रभावित न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी ने कहा कि इस दिग्गज बल्लेबाज के खेल में कोई कमी नजर नहीं आती कोहली ने महज 51 गेंद में 74 रन बनाए और बारिश से प्रभावित मुकाबले में भारत ने संशोधित 143 रन के लक्ष्य को 56 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। डफी आईपीएल 2026 में खिताब जीतने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) टीम में कोहली के साथी रह चुके हैं। बेंगलुरु में आरसीबी के अभ्यास सत्र के दौरान वह कई बार कोहली की बल्लेबाजी का सामना कर चुके हैं। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में डफी ने मजाकिया अंदाज में कहा, हां, यह थोड़ा परेशान करने वाला था, क्या नहीं था? उन्होंने कहा, जब लक्ष्य छोटा हो और कोई बल्लेबाज इस तरह के इरादे के साथ मैदान पर उतरकर तेजी से रन बनाने लगे, तो वह आसानी से लक्ष्य का पीछा कर सकता है। और ऐसा करने के लिए विराट से बेहतर खिलाड़ी कौन हो सकता है। उनका प्रदर्शन वाकई शानदार था। डफी ने कोहली की बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए कहा, उन्हें गेंद के उछाल से कोई परेशानी नहीं हुई। उन्होंने हुक और पुल शॉट खेलने के लिए शानदार तरीके से खुद को तैयार किया और फिर गेंद को सीधे मैदान के पार भी पहुंचाया। इसमें कोई हैरानी की बात नहीं है।

कर्नाटक की असम पर बड़ी जीत

गुवाहाटी। मनवंत कुमार के नाबाद शतक के बाद स्पिनर श्रेयस गोपाल और शिखर शेट्टी की शानदार गेंदबाजी के दम पर कर्नाटक ने बुधवार को यहां रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी के तीसरे दिन असम को पारी और 314 रन से करारी शिकस्त दी। कर्नाटक को इस मैच में बोनस सहित सात अंक मिले जिससे उसके 16 अंक हो गए हैं और वह ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच गया है। कर्नाटक ने सुबह अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 496 रन से आगे बढ़ाई और छह विकेट पर 577 रन बनाकर घोषित की। इस तरह से उसने 442 रन की बड़ी बढ़त हासिल की। पहली पारी में 135 रन बनाने वाली असम की टीम दूसरी पारी में केवल 128 रन बना पाई जिससे आठ बार के चैंपियन ने एक दिन से भी अधिक समय शेष रहते हुए जीत हासिल कर ली।

टेस्ट में स्टार्क बने नंबर-1गेंदबाज



दुबई । साउथ अफ्रीका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद, ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने आईसीसी टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में फिर से टॉप स्थान हासिल कर लिया है। बुधवार को जारी ताजा टी20 रैंकिंग में भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर दो स्थान ऊपर चढ़कर सातवें नंबर पर पहुंच गए हैं। केप टाउन में तीन मुकाबलों की सीरीज के तीसरे और आखिरी टेस्ट में नौ विकेट लेने के बाद, स्टार्क एक स्थान ऊपर चढ़कर साउथ अफ्रीका के मार्को जानसेन से आगे निकल गए। ऑस्ट्रेलिया के इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने 881 की अपनी करियर-सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की और नंबर 1 की पोजीशन वापस पा ली। इससे पहले अगस्त में, भारत के जसप्रीत बुमराह को पीछे छोड़कर स्टार्क पहली बार रैंकिंग में टॉप पर पहुंचे थे। हालांकि, गेबेरहा में खेले गए दूसरे टेस्ट में छह विकेट लेने के बाद जानसेन टॉप पर आ गए थे। केप टाउन टेस्ट में साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी केवल तीन विकेट ही ले सके, जिसका फायदा उठाते हुए स्टार्क फिर से टॉप पर पहुंच गए। साउथ अफ्रीका के साइमन हार्मर को भी इस ताजा रैंकिंग अपडेट से काफी फायदा हुआ। न्यूलैंड्स में उन्होंने मैच जिताऊ प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में छह विकेट चटकाए, जिससे उनकी टीम को जीत और सीरीज अपने नाम करने में मदद मिली।

भारतीय हॉकी टीम सातवीं बार खिताब की दहलीज पर

भारत ने दक्षिण कोरिया को 8-1 से रौंदा




मोहाली । भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए दक्षिण कोरिया को 8-1 से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही भारत ने रिकॉर्ड सातवीं बार टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली। अब खिताबी मुकाबले में गुरुवार को भारत का सामना जापान से होगा। मोहाली में बुधवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में भारतीय खिलाड़ियों ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। शिलानंद लाकड़ा ने चौथे मिनट में गोल कर भारत का खाता खोला। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने नौवें मिनट में गोल करके टीम की बढ़त 2-0 कर दी। हालांकि, इसी मिनट दक्षिण कोरिया के संगजुन हान ने गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया। शिलानंद लाकड़ा ने 13वें मिनट में अपना दूसरा गोल दागा। इसके बाद दिलप्रीत सिंह ने 21वें और 25वें मिनट में लगातार दो गोल किए। सुखजीत सिंह ने भी 21वें मिनट में गोल कर भारत की बढ़त को और मजबूत किया। दूसरे हाफ में भी भारतीय टीम का दबदबा कायम रहा। अंगद बीर सिंह ने 36वें मिनट में गोल किया, जबकि विवेक सागर प्रसाद ने 54वें मिनट में आठवां गोल दागकर भारत की जीत सुनिश्चित कर दी। भारत का सामना अब गुरुवार को होने वाले फाइनल में जापान से होगा। जापान ने पहले सेमीफाइनल में मलेशिया को शूटआउट में हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। निर्धारित समय तक दोनों टीमों के बीच मुकाबला गोलरहित रहा था।

अनमोल और तन्वी कोरिया ओपन के दूसरे दौर में, प्रणय बाहर



यिओसु (दक्षिण कोरिया)। भारत की अनमोल खरब और तन्वी शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को यहां कोरिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई पिछले हफ्ते हाइलो ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली अनमोल ने पहले दौर के मुकाबले में कनाडा की रेचल चान को सीधे गेम में 21-19, 21-18 से हराया। उन्हें अगले दौर में जापान की दूसरी वरीय अकाने यामागुची की कड़ी चुनौती का सानमा करना है। ताइपे ओपन सुपर 300 का खिताब जीतने वाली तन्वी ने दूसरा गेम गंवाने के बाद कड़े मुकाबले में जापान की मनामी सुइजु को 21-16, 12-21, 21-17 से हराया। तन्वी अगले दौर में जापान की पांचवीं वरयी हिना अकेची और चीन की शू वेन जिंग के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेंगी। हालांकि 2023 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय को पुरुष एकल के पहले दौर में दक्षिण कोरिया के यू ताए बिन के खिलाफ 15-21, 21-23 से हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल में ध्रुव और मनीषा की जोड़ी को भी कड़े मुकाबले में झू यी जुन और ली चियान की चीन की सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी के खिलाफ 22-20, 12-21, 22-24 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

मैनचेस्टर यूनाइटेड ने रोमा को 3-2 से हराया



मैनचेस्टर । मैनचेस्टर यूनाइटेड ने दो गोल से पीछे रहने के बावजूद ओल्ड ट्रैफर्ड में शानदार वापसी करते हुए यूईएफए चैंपियंस लीग में रोमा को 3-2 से हराया। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने इस जीत के साथ लगातार 9 मैचों में हार के सिलसिले को समाप्त किया। मटियास सोले ने मेहमान टीम के लिए पहला गोल किया, जिसके बाद डोनियल मालेन ने पेनल्टी को गोल में बदलकर शुरुआती 17 मिनट में स्कोर 2-0 कर दिया। इन दो गोलों ने मैनचेस्टर यूनाइटेड पर दबाव बढ़ा दिया। यूनाइटेड के खिलाड़ियों को इसके बाद अपने समर्थकों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। पिच पर हरी टेनिस बॉल फेंकी गई और फुटबॉल डायरेक्टर जेसन विलकॉक्स के खिलाफ नारे लगाए गए। यूनाइटेड की मुश्किलें तब और बढ़ गईं जब मिडफील्डर कार्लोस बालेबा को हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई, जिससे कैरिक की पहले से ही मुश्किल शाम में एक और चिंता बढ़ गई। हालांकि, कप्तान ब्रूनो फर्नांडीस ने पेनल्टी को गोल में बदलकर यूनाइटेड की मैच में वापसी कराई। हालांकि, क्षेत्र के अंदर एक उल्लंघन के बाद उन्हें स्पॉट-किक दोबारा लेनी पड़ी क्योंकि उनकी पहली कोशिश बेकार हो गई थी। मोमेंटम धीरे-धीरे होम टीम की तरफ मुड़ गया, जब ब्रायन म्ब्यूमो ने दोनों पोस्ट पर शॉट मारकर यूनाइटेड को बराबरी पर लाने के बहुत करीब आ गए। रोमा का विरोध आखिरकार तब टूट गया जब लियोनार्डो बालेरडी क्लीयरेंस से निपटने में नाकाम रहे, जिससे मैथ्यूस कुन्हा को फायदा उठाने और बराबरी करने का मौका मिल गया। मैच के आखिरी स्टेज पर, कुन्हा ने अहम झटका दिया, मुश्किल एंगल से एक जोरदार फिनिश के साथ गोल करके यूनाइटेड की जबरदस्त वापसी करवाई। कुन्हा के इस गोल ने ओल्ड ट्रैफर्ड में फैंस को झूमने पर मजबूर कर दिया। हालांकि, ब्राजील के इस खिलाड़ी को स्टॉपेज टाइम में बालेरडी पर फाउल करने के लिए दूसरा येलो कार्ड मिला।

जोकोविच की संघर्षपूर्ण जीत



पेरिस। रिकॉर्ड सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में खराब शुरुआत से उबरकर जीत हासिल की। पुरुषों के रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच ने पहले दौर में वैलेंटीन वैचेरोट को 6-7 (5), 7-5, 6-1 से हराया।जोकोविच ने अपने करियर का 103वां खिताब जीतकर रोजर फेडरर की बराबरी करने की कोशिश कर रहे हैं। रिकॉर्ड जिमी कॉनर्स के नाम है जिन्होंने 109 खिताब जीते हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन ने कैमरन नॉरी को 6-3, 6-4 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया जबकि 11वीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने बेंजामिन बोंजी पर 3-6, 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। अन्य मैचों में फ्रांस के मोइज़ कौमे को नूनो बोर्गेस से 6-3, 6-1 से और 2022 के चैंपियन होल्गर रूने को 12वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल से 7-5, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय निशानेबाज पदक की दौड़ से बाहर

दोहा। भारतीय निशानेबाजों को बुधवार को यहां आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में एक और निराशाजनक दिन का सामना करना पड़ा जब भारतीय खिलाड़ी 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम और 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धाओं में पदक की दौड़ से बाहर हो गए जबकि एक जोड़ी के अयोग्य घोषित होने से टीम की मुश्किलें और बढ़ गईं सोनम उत्तम मस्कर और हिमांशु ढिल्लों की भारतीय जोड़ी 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में चार टीम के फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रही।

दोनों ने कुल 632.4 अंक के साथ सातवां स्थान हासिल किया। सोनम ने 316.6 जबकि हिमांशु ने 315.8 अंक जुटाए।

भारत-पाक की आज होगी भिड़न्त

सैफ चैंपियनशिप



ढाका। भारत की दूसरे दर्जे की फुटबॉल टीम बृहस्पतिवार को यहां दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (सैफ) चैंपियनशिप के अपने शुरूआती मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी और उसके पास केवल 18 खिलाड़ी उपलब्ध होंगे भारत मौजूदा चैंपियन है, लेकिन उसकी मुख्य टीम इस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले रही है। मुख्य टीम 12 और 15 नवंबर को ऑकलैंड और क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलेगी। इसके अलावा एक मुद्दा यह है कि इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लब मौजूदा सत्र के बीच खिलाड़ियों को 'रिलीज' नहीं करना चाहते क्योंकि बृहस्पतिवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाला मुकाबला फीफा की अंतरराष्ट्रीय मैच विंडो (नौ से 17 नवंबर) के बाहर कराया जा रहा है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने टूर्नामेंट के लिए टीम की घोषणा करते हुए बताया था कि 18 खिलाड़ी तीन नवंबर को कोलकाता से ढाका पहुंचेंगे जबकि बाकी 10 खिलाड़ी अगले कुछ दिनों में टीम से जुड़ेंगे। नौ नवंबर से फीफा की अंतरराष्ट्रीय विंडो शुरू होने के बाद आईएसएल क्लब अपने खिलाड़ियों को रिलीज कर देंगे और भारतीय टीम पूरी 28 सदस्यों के साथ मैदान पर उतर सकेगी। छह टीम के इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम का सामना अगले मैच में 11 नवंबर को मालदीव से होगा। यह ग्रुप बी का दूसरा मैच होगा। टूर्नामेंट के मुकाबले ढाका के नेशनल स्टेडियम में खेले जाएंगे मेजबान बांग्लादेश, श्रीलंका और भूटान को ग्रुप ए में रखा गया है। दोनों ग्रुप की शीर्ष दो टीम 14 नवंबर को खेले जाने वाले सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। टूर्नामेंट का फाइनल 17 नवंबर को होगा। भारतीय टीम का मार्गदर्शन अंडर-23 राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच नौशाद मूसा कर रहे हैं।